# नगर निगम, शाहजहाँपुर।
## प्रेस विज्ञाप्ति
## दिनांक 11.08.2020

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज जन्माष्टमी पर्व के दौरान नगर क्षेत्र में साफ सफाई करायी गयी।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 10.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज जन्माष्टमी पर्व के दौरान नगर क्षेत्र में सफाई करायी गयी। इस पर्व पर मन्दिरो में झांकी रखकर सजावट आदि की जाती है,जिसको ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि जन्माष्टमी के पर्व के मौके पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने मन्दिरो एवं मन्दिरा के आस–पास साफ–सफाई की व्यवस्था एवं चूने का छिड़काव कराया जाने हेतु निर्देशित किया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि गृह मंत्रालय,भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत धर्मिक कार्यकमों के आयोजना के सम्बन्ध में स्पष्ट दिशा निर्देश निर्गत किये गये है, कि समस्त अधिकारी अपने– अपने क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगें कि निर्गत निर्देशों का प्रभावी अनुपालन किया जा रहा है, तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि कहीं भी सामूहिक आयोजन न होने पाय`तथा भीड़ किसी भी दशा में एकत्र न होने पाये।

नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 11.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य बृज बिहार कालोनी, बहादुरगंज, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, चमकनी, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, फत्तेपुर, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर,आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें।इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 11.08.2020 को **खिरनीबाग, काजीखेल, युनूसखेल, किला, सरायकाईयाँ** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 11.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ-साथ प्रतिदिन साफ-सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
11.8.2020

Generated by CamScanner